दैनिक भास्कर

जींद भास्कर 11-02-2022

जींद. राजकीय कॉलेज में साक्षात्कार व चयन प्रक्रिया में भाग लेते युवा।

15 युवाओं को कॉलेज कैंपस से मिली नौकरी

भास्कर न्यूज़|जींद

राजकीय महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में एक निजी कंपनी द्वारा साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य शीला दहिया ने की। प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रोफेसर गौरव बंसल ने बताया कि साक्षात्कार की प्रक्रिया में 70 युवाओं ने भाग लिया। इसमें से 15 युवाओं को विभिन्न पदों पर कंपनी द्वारा नौकरी दी गई। प्रोफे सर गौरव बंसल ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं के लिए काफी लाभदायक रहती है। युवाओं को कंपनी कॉलेज कैंपस से ही चयन करके ले जाती है। रोजगार के लिए युवाओं को ज्यादा परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। इस अवसर पर यशवंती, पुष्पा, रवि और शर्मिला भी मौजूद रहे।